कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर।

सेवा में,

सिस्टम ऑफिसर,
जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर।

विषयः– माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अनुवादित निर्णयों के बारे में जागरूकता और उपयोग को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में।

पत्रांकः 191 /29, विधिक साक्षरता शिविर पत्रावली, दिनांक 21.01.2026

महोदय,

आदरणीय रजिस्ट्रार जनरल, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 14727/SUVAS Cell, Allahabad/Dated: 14 November, 2025 के द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अनुवादित निर्णयों के बारे में जागरूकता और उपयोग को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिये गये थे, इस सम्बन्ध में कल दिनांक 08.01.2026 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा एक वी.सी. आयोजित की गई, जिसमें उक्त माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अनुवादित निर्णयों के बारे में जागरूकता और उपयोग को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में आदेशित किया गया है और उसका अनुपालन करने हेतु भी आदेशित किया गया है और अवगत कराया गया है कि अनुवादित निर्णयों (जो माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट https://www2.allahabadhighcourt.in/misc/suvas/index.html पर उपलब्ध है) के बारे में जागरूकता और उपयोग को बढ़ावा देने, ग्रामीण समुदायों, हाशिए के समूहों और स्वयं–प्रतिनिधित्व करने वाले वादियों को लक्षित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा उपरोक्त दिशा–निर्देश पैरा 85 का उपयुक्त अंश निम्नलिखित है–

> *"**B5. Community Engagement:***
> *Conduct regional legal literacy campaigns through Legal Services Authority and Law Colleges to promote awareness and usage of translated judgements, targeting rural communities, marginalized groups and self-represented litigants..."*

अतः माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के उपरोक्त दिशा–निर्देशों के अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अनुवादित निर्णयों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जनपद न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें ताकि जनपद न्यायालय की वेबसाईट से लोगों को यह पता चल सके कि माननीय उच्चतम न्यायालय व माननीय उच्च न्यायालय की अनुवादित निर्णय निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है और वह सभी निर्णयों को क्षेत्रीय/हिन्दी भाषा में पढ़ सकते हैं।

लिंक निम्नलिखित है–
https://www2.allahabadhighcourt.in/misc/suvas/index.html

भवदीय,

(शहजाद अली)
सचिव (पूर्णकालिक),
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/
अपर जिला जज, न्याय कक्ष सं० 7
बुलन्दशहर।
21.01.2026